an>

Title: Regarding situation arising due to failure of BSNL service network in districts of Malkangiri and Nabarangpur in Odisha.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं ओडिशा के मलकानगिरी, नबरंगपुर एरिया से आता हूं। यह सबसे पिछड़ा एरिया है। वहां पर बीएसएनएल की सेवा बहुत खराब है। मलकानगिरी जिले के सात ब्लाक्स (माथिली, खैरफुट, पहिआ तथा कुड़मुत्तगुमा) में से चार ब्लाक्स में न तो मोबाइल सेवा है और न ही इंटरनेट सेवा है। आजकल सब काम इंटरनेट पर ही होता है। यहां तक कि स्कूल में एडमिशन वगैरह भी इंटरनेट के ही जरिये हो रहा है। इन चारों ब्लॉक्स में इंटरनेट न होने के कारण वहाँ के कई छात्रों को और प्रशासन को असुविधा हो रही है। जैसे एडमिशन का इंटीमेशन नहीं मिल पाता है या नौकरी के लिए भर्ती की सूचना नहीं मिल पाती है। उन्हें कहीं से थोड़ी खबर मिलती है, तो उन्हें मलकानगिरि हेक्वार्टर जाना पड़ता है। वैसे ही नवरंगपुर एक जिला है, जहाँ पर चन्दाहाडी ब्लॉक, झरीगाम ब्लॉक, कोसामुझुडा और रायगढ़ ब्लॉक हैं। इन ब्लॉक्स में भी इंटरनेट और मोबाइल की सुविधा नहीं है। वहाँ टावर्स थे, जो खराब पड़े हैं। सरकार ने उन टावर्स को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। इस वजह से निजी कंपनियाँ फायदा ले रही हैं। अतः सरकार से निवेदन है कि इन सेवाओं को दुरूस्त करें।

माननीय अध्यक्ष : आपकी बीएसएनएल से संबंधित बात पूरी हो गयी, कृपया बैठ जाइए।